राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/705 /2022 दिनांकः–05जुलाई, 2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,अलीगढ़।

विषयः– महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया है तथा महाविद्यालय में समय सारिणी के अनुसार पठन पाठन सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु समय–समय पर उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं मा0 कुलाधिपति सचिवालय से भी दिशा निर्देश निर्गत किये जाते रहे है। इसी क्रम में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में नियमित शिक्षण कार्य हेतु शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक है। शिक्षकों की उपस्थिति हेतु प्रत्येक महाविद्यालय में बायोमैट्रिक मशीन तथा इण्टरनेट कनेक्टिविटी होना आवश्यक है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय में अनुमोदित एवं कार्यरत शिक्षकों की प्रतिदिन की उपस्थिति हेतु इण्टरनेट कनेक्टिविटी के साथ बायोमैट्रिक मशीन (NITGEN Hamster DX ™) दिनांक 15 जुलाई, 2022 तक लगवाना सुनिश्चित करें। दिनांक 16 जुलाई, 2022 से प्रतिदिन की उपस्थिति विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपने कालेज लागिन के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रेषित की जायेगी।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (आगरा/अलीगढ़ मण्डल)
3. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बद्धित महाविद्यालयों को कालेज लागिन पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner